आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 27.02.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में भी एचपीवी टीकाकरण अभियान के लिए तैयारियां पूरी। एक सौ पचपन टीकाकरण केंद्र चिन्हित।
- हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बीस पंजीकरण काउंटर लगाए जाएंगे।
- देहरादून जिला प्रशासन ने जनगणना–2027 की तैयारियां शुरू की। कार्मिकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण।
- पौड़ी गढ़वाल के बिलखेत में आयोजित नयार वैली फेस्टिवल के दूसरे दिन आज साहसिक गतिविधियों की शानदार शुरुआत।

एचपीवी टीकाकरण

प्रदेश सरकार ने राज्यभर में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस– एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। पहले चरण में प्रदेशभर की चिकित्सा इकाइयों में 155 टीकाकरण केंद्र चिन्हित किए गए हैं, जहां 14 वर्ष की सभी पात्र बालिकाओं को निःशुल्क टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि कहा कि महिलाओं में होने वाला गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल कैंसर अब लाइलाज नहीं है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के लिए केन्द्र सरकार की ओर से राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अजमेर से करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अभियान के तहत 14 वर्ष आयु वर्ग की शत–प्रतिशत बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी टीका लगाया जाएगा। अब तक यह टीका निजी अस्पतालों में लगभग चार हजार रुपये प्रति डोज की कीमत पर उपलब्ध था, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से इसे पात्र बालिकाओं के लिए पूरी तरह निःशुल्क किया गया है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रदेश के सभी जिला और ब्लॉक स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। डॉक्टरों, नर्सों, एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। वैक्सीन की उपलब्धता, कोल्ड–चेन व्यवस्था और रिपोर्टिंग सिस्टम को सुदृढ़ करने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं, ताकि टीकाकरण सुरक्षित,प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। डॉ. रावत ने अभिभावकों, शिक्षकों, स्कूल प्रबंधन समितियों, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला समूहों और समाज के जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और हर पात्र बालिका का टीकाकरण सुनिश्चित करें।

साथ ही सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रदेश की प्रत्येक बेटी इस महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच का लाभ उठा सके।

चारधाम तैयारियां

आगामी चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए हरिद्वार जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़ी विभिन्न विभागों की कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील नौटियाल ने बताया कि तीर्थयात्रियों का पंजीकरण ऋषिकुल मैदान में किया जाएगा। इसके लिए 20 पंजीकरण काउंटर स्थापित किए जाएंगे, जहां शिफ्टवार ड्यूटी लगाई जाएगी। पंजीकरण केंद्र प्रतिदिन सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक संचालित रहेंगे। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने चारधाम यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी डायवर्जन प्लान तैयार करने के पुलिस विभाग को निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों को भी यात्रा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

भारत–जापन सैन्य अभ्यास

अल्मोड़ा जिले के चौबिटया में भारत और जापान का संयुक्त सैन्यभ्यास– धर्मा गार्डियन जारी है। चौबीस फरवरी से शुरू हुआ यह सैन्यभ्यास नौ मार्च तक चलेगा। भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सैल्फ डिफेंस फोर्स के इस संयुक्त युद्धाभ्यास में दोनों देशों के 120–120 सैनिक भाग ले रहे हैं। इसमें जापान ग्राउंड सैल्फ डिफेंस फोर्स का प्रतिनिधित्व 32वीं इन्फेंट्री रेजिमेंट के जवान कर रहे हैं, जबकि भारतीय सेना की टुकड़ी लद्दाख स्काउट से है। यह युद्धाभ्यास बारी–बारी से भारत और जापान में आयोजित किया जाता है और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। इसके तहत दोनों देशों के सैनिक उच्च स्तर की शारीरिक क्षमता विकसित करेंगे और संयुक्त योजना प्रक्रिया को बेहतर बनाएंगे। इस दौरान सामरिक ड्रिल्स के बीच तालमेल स्थापित कर आधुनिक तकनीक और इंटर ओप्रेबिलिटी पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। वहीं, युद्धाभ्यास के दौरान क्षेत्रीय जनता के आवागमन को सुदृढ़ बनाने के लिए क्षेत्रीय पुलिस बल भी पूरी तरह से मुस्तैद है।

जनगणना

देहरादून जिला प्रशासन ने जनगणना–2027 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए जनगणना से जुड़े कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनगणना–2027 दो चरणों में संपन्न की जाएगी। पहला चरण आगामी 25 अप्रैल से 24 मई तक संचालित होगा, जिसके अंतर्गत मकान सूचीकरण और भवन गणना की जाएगी। दूसरा चरण अगले साल नौ फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होगा, जिसमें नागरिकों की गणना का कार्य संपादित किया जाएगा।

इसके अलावा आगामी 10 अप्रैल से 24 अप्रैल तक स्व–गणना की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत परिवार पहली बार वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे, जिसका सत्यापन प्रगणक द्वारा किया जाएगा। वहीं, देहरादून की नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बताया मकानों की गणना के लिए कार्मिकों के प्रशिक्षण का कार्य शुरू हो चुका है। इस बार मकानों के सूचीकरण और जनगणना के लिए डिजिटल तकनीकी का भी उपयोग किया जा रहा है।

नयार वैली फेस्टिवल

पौड़ी गढ़वाल के बिलखेत में आयोजित तीन दिवसीय नयार वैली फेस्टिवल के दूसरे दिन आज सुबह से ही साहसिक गतिविधियों की शानदार शुरुआत

के साथ पूरी घाटी ऊर्जा और उमंग से सराबोर नजर आई। आसमान में हॉट एयर बैलून, पैरामोटरिंग और टेंडम पैराग्लाइडिंग ने रंगीन छटा बिखेरी। साथ ही एंगलिंग, कयाकिंग और एडवेंचर जोन में युवाओं और पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ी। नयार घाटी के मनोरम दृश्य प्रतिभागियों और पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। साहसिक खेलों की इन गतिविधियों ने आयोजन को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए इसे और अधिक आकर्षक व जीवंत बना दिया है।

पुरुष होली प्रतियोगिता

बागेश्वर में सांस्कृतिक रंगों और उत्साह के साथ पुरुष होली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता से पहले पूरे जिले से आई सभी टीमें पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ होली गायन करते हुए शोभायात्रा के रूप में बागनाथ मंदिर पहुंचीं, जहां मुख्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंदिर परिसर में बैठकी और खड़ी होली की मधुर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम संयोजक कवि जोशी ने बताया कि पुरुष होली कुमाऊं अंचल की विशिष्ट पहचान है और इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं।

एमडीडीए

मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण– एमडीडीए की ओर से प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में देहरादून की आजाद कॉलोनी क्षेत्र में किए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण पर कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण ने भवन को सील कर दिया। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि बिना मानचित्र स्वीकृति या नियमों के विपरीत किए जा रहे निर्माण किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कह कि शहर में सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।